ये गलत है

मानपुर में सिर पर मैला ढोने की कुप्रथा आज भी है जारी

अजय सिंह | मानपुर

सर पर मैला ढोना राष्ट्रीय कलंक माना गया है। राज्य और केंद्र की सरकार द्वारा मैला ढोने की कुप्रथा खत्म होने का दावा भी किए जा रहे हैं। लेकिन, जमीनी हकीकत कुछ और ही है। प्रखंड मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर महिलाएं रोज मैला ढो रही हैं। यह मैला खुले में डाले जा रहे हैं। बावजूद अधिकारी बेखबर हैं। मामला बारागंधार पंचायत के वार्ड-6 अंतर्गत अबगिल्ला का है। खास बात यह है कि निवर्तमान प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख दोनों अबगिल्ला या फिर बारा गंधार पंचायत के ही हैं और यह वार्ड नगर निगम से सटा है। बावजूद इस राष्ट्रीय कलंक को खत्म करने का प्रयास नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

मैला ढोती महिला

बीडीओ ने कहा-मामले की होगी जांच

इस संबंध में बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार ने बताया कि सर पर मैला ढोने की प्रथा का उन्मूलन हो गया है। बावजूद प्रखंड में शुष्क शौचालयों का प्रयोग होने की जानकारी उन्हें नहीं थी। यदि ऐसा है तो यह सर्वे करने वाले की घोर लापरवाही है। को-ऑर्डिनेटर को भेजकर मामले की जांच करवाई जाएगी। पात्र लाभुकों के शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।